16/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोलकाता के आर.जी.कर. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या और उसके बाद वहां तोड़फोड़ के विरोध में शनिवार सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए गैर-आपातकालीन सेवाओं को बंद करने की घोषणा की है। देश के बाकी हिस्सों के साथ अरुणाचल प्रदेश में भी चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। असपतालों द्वारा जारी एक विज्यप्ति में कहा गया हैं कि बावजूद इसके आवश्यक सेवाएं और कैजुअल्टी वार्ड चालू रहेंगे। आईएमए ने यह भी बताया है कि, इस दौरान ओपीडी बंद और सर्जरी भी नहीं की जाएंगी। इस बीच, आईएमए अरुणाचल प्रदेश ने यह पुष्टि की कि वह राज्य भर के सभी सरकारी, निजी और एनजीओ द्वारा संचालित अस्पतालों में ओपीडी, ओटी मामलों और गैर-जरूरी सेवाओं सहित सभी नियमित सेवाओं को बंद करके शनिवार को देशव्यापी विरोध में शामिल होगी।

00000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि हाल ही में यह देखा गया है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा करना आम बात हो गई है और कई स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ता है।

0000000000000

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित उनकी समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए याद किया जाता है।

0000000000000

अट्ठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक 'विशेष' समारोह में "लखपति दीदी" को सम्मानित किया और स्वयं सहायता समूहों के लिए बीज राशि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पांच सामुदायिक-प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्रों के लिए स्टार्टअप कैपिटल के रूप में 42.5 लाख रुपये का चेक सौंपा।

इसके अतिरिक्त, 100 एसएचजी लाभार्थियों को मत्स्य पालन विकास के लिए 24 लाख रुपये की बीज पूंजी दी गई, और 120 एसएचजी को मधुमक्खी पालन पहल के लिए 30 लाख रुपये का एक और चेक आवंटित किया गया। एक “लखपति दीदी” एक एसएचजी सदस्य है जो एक लाख रुपये या उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित करती है।

00000000000000

अरुणाचल प्रदेश के दो पुलिस अधिकारियों को अट्ठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक माके बुई को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया, जबकि इंस्पेक्टर मोती चंद प्रसाद को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने डिप्टी एसपी माके बुई को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। श्री बुई ने उन्नीस सौ छियासी में अरुणाचल पुलिस में शामिल होकर एक सब-इंस्पेक्टर के रूप में अपना करियर शुरू किया। और समर्पण, कड़ी मेहनत और कौशल के माध्यम से, वह डिप्टी एसपी के पद तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, उन्हें श्री बुई पर गर्व है।"

00000000000000

असम में कल सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन उल्फा द्वारा 24 जगहों पर बम लगाने का दावा करने के बाद पूरे राज्य में कई जगहों पर तलाशी ली। डीजीपी जी पी सिंह ने कहा कि गुवाहाटी समेत कुछ जगहों पर संदिग्ध सामान मिले हैं। उन्होंने कहा कि सामग्री को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

प्रतिबंधित संगठन ने मीडिया को एक बयान जारी कर कहा कि राज्य भर में कई जगहों पर बम लगाए गए हैं। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और उन सामग्रियों को बरामद किया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने संगठन से बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने का आग्रह किया। 00000000000000

70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। गैर-फीचर फिल्म श्रेणी में आइना ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है। फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार गुलमोहर को मिला है। ऋषभ शेट्टी ने कन्नड़ फिल्म कंतारा में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। हरियाणवी फिल्म फौजा को गैर फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ गीत के लिए पुरस्कार मिला है। अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्वगायक का पुरस्कार मिला है।

00000000000000

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) का उद्घाटन किया। श्री चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनपीपीएस के माध्यम से किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों के बारे में जान सकेंगे और अपनी फसलों को उनके हानिकारक प्रभाव से बचा सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने ने कई किसानों से बातचीत भी की जो केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने एक सौ नौ उच्च उपज देने वाली, जलवायु-अनुकूल और जैव-फोर्टिफाइड फसल किस्में जारी कीं।

00000000000000